विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली प्राथमिकता

बैठक में तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा

भोपाल, 15 जुलाई. उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार ने तकनीकी शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विभागीय योजनाओं, संस्थागत सुधारों एवं विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से समीक्षा की.

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की भावना के अनुरूप तकनीकी शिक्षा को अधिक गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुखी, पारदर्शी एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए सभी कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाएं.

परमार ने तकनीकी शिक्षा संस्थानों में रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने, स्थानीय औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप पॉलीटेक्निक एवं इंजीनियरिंग संस्थानों के पाठ्यक्रमों का युक्तियुक्तकरण करने तथा नवीन रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि युवाओं को कौशलयुक्त, आत्मनिर्भर और उद्योगों की अपेक्षाओं के अनुरूप सक्षम बनाना है. बैठक में विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं की पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर विशेष चर्चा हुई।

परमार ने उत्तर पुस्तिकाओं के डिजिटल मूल्यांकन की व्यवस्था प्रारंभ करने तथा प्रश्नपत्रों की गोपनीयता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक डिजिटल प्रणाली विकसित करने के निर्देश दिए, जिससे परीक्षा प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष, सुरक्षित एवं विश्वसनीय बन सके. मंत्री परमार ने तकनीकी शिक्षा संस्थानों में हिंदी भाषा में पाठ्यक्रम, पुस्तकों एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने तथा प्रश्नपत्र हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.

अजय जामवाल ने खजुराहो में की पूजा



भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने बुधवार को विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो स्थित मतंगेश्वर महादेव एवं कंदरिया महादेव मंदिर में दर्शन एवं पूजन-अर्चन कर प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की.

कैबिनेट की तैयारियों का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

बैरसिया, 15 जुलाई. जगदीशपुर में 19 जुलाई में होने वाली कैबिनेट बैठक की तैयारियों का जायजा बुधवार को अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने लिया. उन्होंने रानी महल और चमन महल का निरीक्षण कर समस्त संबंधित विभागों को परस्पर समन्वय के साथ प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए.

शुक्ला ने स्पष्ट किया कि इस ऐतिहासिक बैठक के महत्व को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी तरह चाक-चौबंद और त्रुटिहीन होनी चाहिए. उन्होंने बैठक व्यवस्था, सुरक्षा मानकों, सौंदर्यीकरण तथा कैबिनेट के लिए आवश्यक आधुनिक तकनीकी प्रबंधों को देखा. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करें और प्रत्येक विभाग अपने सौंपे गए कार्यों को पूरी तत्परता से करे. निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक इलैया राजा टी, भोपाल संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, आईजी (देहात रेंज) भोपाल रुचि वर्धन मिश्रा सहित जिला एवं संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे. निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने आयोजन स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, वीआईपी मूवमेंट तथा तकनीकी आवश्यकताओं को लेकर विस्तृत रूपरेखा साझा की.

अशोकनगर रेलवे स्टेशन का 22 करोड़ से पुनर्विकास पूर्ण

▶ पीएम 17 जुलाई को वर्चुअल तरीके से करेंगे लोकार्पण

भोपाल, 15 जुलाई. अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 22 करोड़ रुपये की लागत से अशोकनगर रेलवे स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास किया गया है. इसका लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को वर्चुअल तरीके से करेंगे.

ऐतिहासिक महत्व वाले इस स्टेशन को आधुनिक, आकर्षक और यात्री-केंद्रित स्वरूप प्रदान किया गया है. पुनर्विकास के तहत सर्कुलेटिंग एरिया का सुधार, बेहतर पार्किंग, नया पोर्च, स्टेशन भवन का उन्नयन, प्लेटफॉर्म अपग्रेडेशन और नए प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण किया गया है.

भोपाल मंडल के एनएसजी-5 श्रेणी के इस स्टेशन पर प्रतिदिन 50 से अधिक ट्रेनों का संचालन होता है और औसतन 6,000 से ज्यादा यात्री आवागमन करते हैं. बढ़ती यात्री संख्या को देखते हुए प्रतीक्षालय, आधुनिक बुकिंग काउंटर, कॉन्कोर्स एरिया, दिशा संकेतक, नया फुट ओवर ब्रिज, रैंप और लिफ्ट जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं. दिव्यांगजन यात्रियों के लिए लो-हाइट टिकट खिड़की और टैक्टाइल पाथ की व्यवस्था भी की गई है. स्थानीय कला एवं संस्कृति की झलक के साथ विकसित नया अशोकनगर रेलवे स्टेशन अब क्षेत्र में बेहतर रेल संपर्क, पर्यटन और आधुनिक यात्री सुविधाओं का नया केंद्र बन गया है.

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग '29.46 करोड़ रुपये' की लागत से विदिशा रेलवे स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास पूरा हो गया है.

भोपाल मंडल के एनएसजी-3 श्रेणी के इस महत्वपूर्ण स्टेशन पर प्रतिदिन 13 हजार से अधिक यात्री आवागमन करते हैं, जिन्हें अब आधुनिक, सुरक्षित और सुविधाजनक रेल सेवाओं का लाभ मिलेगा. यह स्टेशन साँची, उदयगिरि सहित क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन स्थलों का अहम प्रवेश द्वार भी है. पुनर्विकास के तहत स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार और सौंदर्यीकरण किया गया है. प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 से 4 तक नए कवर शेड और शेड विस्तार का कार्य पूरा किया गया है. स्टेशन भवन के फसाड और आंतरिक हिस्सों को आधुनिक स्वरूप दिया गया है.

मंत्री निर्मला भूरिया ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं

भोपाल. मंत्री निर्मला भूरिया ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुना. मंत्री भूरिया ने कार्यकर्ताओं द्वारा रखी गई जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई एवं शीघ्र निराकरण के लिए प्रेषित किया गया. उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा.

नहीं हट पाया बोट क्लब और न्यू मार्केट से अतिक्रमण

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 15 जुलाई. शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई वर्तमान में पूरी तरह से रुकी हुई है. दो मुख्य स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाना थी. पहली बोट क्लब पर 26 दुकानें और दूसरी न्यू मार्केट में जमे अस्थाई फुटकर विक्रेताओं को हटाकर टीटी नगर स्टेडियम के पास शिफ्ट करना था.

बोट क्लब में 26 दुकानों पर बुलडोजर चलना था. इसके लिए प्रशासन ने 6 जुलाई की तारीख तय की थी, लेकिन उस दिन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते कार्रवाई अचानक रोक दी गई. उसके बाद तहसीलदारों के स्थानांतरण की वजह से यह प्रक्रिया रुक गई. प्रशासन का यह भी कहना है कि पुलिस बल नहीं मिलता, जिससे कार्रवाई समय पर नहीं हो पाती. न्यू मार्केट में लगभग 1000 स्थाई दुकानें हैं. इनके अलावा सैकड़ों फुटकर व्यापारी फुटपाथ व गलियों में दुकानें लगाकर बैठे रहते हैं.

इनका कहना है

बोट क्लब पर अतिक्रमण हटाया जाना है. पुलिस बल उपलब्ध न होने से कार्रवाई नहीं हो पा रही है. न्यू मार्केट से फुटकर व्यापारियों को हटाकर टीटी नगर स्टेडियम के पास शिफ्ट किया जाएगा.
अर्चना शर्मा, एसडीएम, टीटी नगर

छात्रों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

भोपाल. नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत बुधवार को ओरिएंटल कॉलेज के हॉस्टल में छात्रों को खुद और साथियों को भी नशे से दूर रखने की शपथ दिलाई. इस दौरान छात्रों को नशे से होने वाले नुकसान के संबंध में समझाइश दी गई. कार्यक्रम के दौरान हॉस्टल वार्डन भी उपस्थित रहे .करीब 300 छात्रों ने नशे से दूरी के तहत शपथ ली.

बाप-बेटे ने पकड़े हाथ साथी ने काट दी गर्दन

बेगमगंज. पुलिस ने गैरतगंज के व्यापारी विजय जैन हत्याकांड का खुलासा कर दिया है. व्यापारी की गड़े धन के लालच में नरबलि दी गई थी. इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. एसडीओपी सोनाली गुप्ता ने बताया कि 9 जुलाई को फरियादी द्वारा थाना गैरतगंज में सूचना दी गई कि विजय जैन पिता ताराचंद जैन, उम्र 42 वर्ष, निवासी गैरतगंज बिना किसी को बताए घर से चला गया है. घर पर ताला लगा हुआ था तथा काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका.

अपहरण के आरोपी के परिवार ने की जांच की मांग

▶ पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर दिया ज्ञापन

नवभारत रिपोर्टर

भोपाल, 15 जुलाई. पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर डेढ़ साल बच्चे के अपहरण के आरोपी अरुण भील के परिवार के लोगों ने पुलिस की निष्पक्ष जांच की मांग की. बुधवार को अधिकारियों को ज्ञापन देते हुए लोगों ने कहा कि अरुण को फंसाया जा रहा है.

कमिश्नर कार्यालय परिसर में पहुंचे करीब 30 की संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की. पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचे लोगों ने कहा कि घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं, जिसकी फुटेज भी निकाली जा सकती है. बता दें कि एक सप्ताह पहले बागमुगलिया इलाके में एक डेढ़ साल के मासूम के अपहरण का मामला सामने आया था. मासूम की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अरुण भील को गिरफ्तार कर लिया था. आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया.

सीमांकन के लिए चक्कर काट रहे हैं किसान

▶ चौपाल में एडीएम बताईं समस्याएं

नवभारत संवाददाता

भोपाल, 15 जुलाई. हुजूर तहसील के ग्राम चंदेरी में बुधवार को कलेक्टर द्वारा शुरू की गई चौपाल का आयोजन किया गया. इस चौपाल में कलेक्टर की व्यस्तता के चलते एडीएम सुमित कुमार पांडे ने किसानों की समस्याओं को सुना. किसान रामनरेश ने एडीएम को अपनी समस्या सुनाते हुए कहा कि खाद का स्लॉट बुक नहीं हो रहा है.

एडीएम पांडे ने मौजूद कृषि अधिकारी व तहसीलदार को जल्द समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए. इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट के नेतृत्व में 30 से ज्यादा किसान समय पर सीमांकन और नामांतरण न होने की शिकायत लेकर भी पहुंचे. किसानों ने बताया कि महीनों तक पटवारी व राजस्व निरीक्षक के चक्कर काटने पड़ते हैं. यह सुनकर एडीएम नाराज हुए और उन्होंने एसडीएम विनोद सोनकिया और अतिरिक्त तहसीलदार अतुल शर्मा को ऐसे मामलों में सुधार करने निर्देशित किया. एडीएम पांडेय ने कहा कि नामांतरण की समय सीमा तय कर दें, जिससे किसानों को भटकना न पड़े. चौपाल में 150 से ज्यादा किसान अपनी समस्याएं को लेकर पहुंचे.

दो दिवसीय समाधान शिविर आज से

भोपाल. जिला कोषालय द्वारा आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर का दो दिवसीय समाधान शिविर गुरुवार से आयोजित किया जा रहा है. शिविर में आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के उपयोग में तकनीकी जटिलताओं और लंबित एसडी कॉल्स के निदान के लिए आईएफएमआईएस केयर थीम्स के तहत जानकारी दी जाएगी. जिससे वित्तीय प्रक्रियाओं को बाधारहित एवं सुगम बनाया जा सके और शासकीय कार्यों में गतिशीलता बनी रहे.

कार्यालय नगर निगम, भोपाल
(विद्युत शाखा)
निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 41/वि.शा./2026 **दिनांक 15-7-2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार परसेन्टेज/ आयटमरेट मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं.

क्र.	ऑनलाइन टेंडर नं.	कार्य स्थल का नाम	अनुमानित राशि	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र की राशि	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर.	निविदा की अवधि	कार्य की अवधि
1.	2026_UAD_521497_1	Providing and fixing Mini High Mast and LED Light at Fatmabee Maszid Aeshbad thana, Sohit Stadue, Jain Mandir, Durga Mandir, Patra Under Bridge In W.No. 40 Zone No. 11, Bhopal	1058600	7939	2000	registered electrical contractor in centralized registration system in MPPWD having valid electrical license	mpuaddsor Works 2021	1 माह	1 माह

नियम व शर्तें:- निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि एवं धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने होंगे एवं अन्य समस्त विस्तृत जानकारी www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है. यदि किसी प्रकार का संशोधन होता है तो वह वेबसाइट पर प्रदर्शित होगा. वह पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा.

नि.क्र. 439/026/027 **कार्यपालन यंत्री (वि.), नगर निगम भोपाल**

पश्चिम मध्य रेल
मण्डल कार्यालय भोपाल
सिग्नल एवं दूरसंचार शाखा-0755-2470030
ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (एसएण्डटी) पश्चिम मध्य रेल्वे, भोपाल भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिये कार्य करते हुये निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते है। इस टेंडर के तहत मैनुअल प्रस्ताव मान्य नहीं होंगे एवं ऐसे प्राप्त कोई भी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा से संबंधित दस्तावेज वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिये गये है। **निविदा सूचना सं. एवं जारी दिनांक**- बीपीएल/एन/वर्क्स/2026-27/टेली/02 दिनांक 10/07/2026, **कार्य का नाम व स्थान**- प्रोविजन ऑफ सीसीटीवी एट 21 नं. ऑफ नॉन इंटरलॉकिंग एलसी गेट्स एण्ड मोनिटिरिंग एट 13 नं. ऑफ कनेक्टेड स्टेशन एण्ड इंजीनियरिंग कंट्रोल ओवर भोपाल डिविजन। **कार्य की अनुमानित लागत** (रू.)- 1,56,59,971.24, **टेण्डर फॉर्म की कीमत** (रू.) (**नॉन रिफेंडवल**)- NIL, **बयाना राशि** (रू.)-3,13,200.00, **कार्य समाप्ति अवधि** -06 माह, **निविदा खुलने एवं जमा करने की तारीख एवं समय**- खुलने की तारीख 05/08/2026, जमा 15.00 बजे तक खुलने का समय 15.30 बजे। निविदाकर्ता/बिडर्स के पास क्लास III डीजीटल सिंगनेचर सर्टिफिकेट होना आवश्यक है एवं IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदाकर्ता/ बिडर्स ही ई-टेंडरिंग में भाग ले सकते है। ई-टेंडरिंग के दौरान ही सभी संबंधित दस्तावेज अपलोड करना आवश्यक है। पेमेंट गेटवे के द्वारा ऑन लाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज की कीमत बयाना राशि आदि का भुगतान ऑन लाइन मल्टीपल नेटबैंकिंग, डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड द्वारा किया जा सकता है। (हस्ता.)

कृते मंडल रेल प्रबंधक
(सिंगनल एवं दूरसंचार) भोपाल 462024

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

10 साल में पूरी करनी होगी बीएएमएस की डिग्री

नवभारत प्रतिनिधि

भोपाल, 15 जुलाई. प्रदेश में पढ़ाई कर रहे बीएएमएस की विद्यार्थियों को लेकर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग ने नया सर्कुलर जारी कर दिया है. जिसके बाद नए नियमों के तहत छात्र-छात्राओं को अपनी बीएएमएस की डिग्री को निर्धारित तय समय सीमा में पूरा करना होगा. वहीं आयोग ने पाठ्यक्रम को लेकतर चल रही भ्रातियों पर लगाम लगाते हुए ये भी कहा है कि पहले, दूसरे और तीसरे व्यावसायिक परीक्षाओं को पास करने के लिए प्रयासों की संख्या और समय सीमा में ढील दी गई है. लेकिन समग्र रूप से बीएएमएस पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए 2022 के विनियमों के तहत अधिकतम 10 वर्ष की अवधि ही लागू होगी. इस दौरान अनिवार्य इंटर्नशिप में शामिल होने से पहले छात्र-छात्राओं को 10 साल के भीतर सभी व्यावसायिक परीक्षाएं पास करना अनिवार्य होगा.

नाम परिवर्तन

मैं निशा परिहार सूचित करती हूं कि पूर्व में मेरा नाम निशा साहू था, विवाह उपरान्त मेरा नाम निशा परिहार पत्नि श्री कल्याण सिंह परिहार हो गया है. मुझे निशा परिहार के नाम से ही जाना जाए. पता- सांई कुंज, वार्ड नं- 39, पूजा किराना स्टोर, मोहन नगर नई आबादी, छिंदवाड़ा (म.प्र.) पिनकोड- 480001
(RN. 62329)

नाम परिवर्तन

मैं नविका अग्रवाल, नम्रता गोस्वामी की पुत्री, उम्र 13 वर्ष, निवासी खनूजा एन्क्लेव भोपाल ने शपथ पत्र दिनांक 12/11/2024 के अनुसार अपना नाम नविका अग्रवाल से बदलकर नविका गोस्वामी कर लिया है. भविष्य में मुझे नविका गोस्वामी के नाम से जाना जाएगा.
(RN. 62328)

भारतीय खाद्य निगम

क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल 462011- (म.प्र.) phone:0755-2573444, FAX: 0755-2573418, E-mail:- gmmp@fci.gov.in

क्र. एसएंडसी/13/एचटीसी/एनआईटी/2026/13 **दिनांक : 16.07.2026**

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्य प्रदेश क्षेत्र में विभिन्न नियमित हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर **online** प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.fci.gov.in & www.gem.gov.in** पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है । किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा । **महाप्रबंधक (क्षेत्र)**

IDFC FIRST Bank

CIN: L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय: केआरएम टावर्स, आठवीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई -600031। दूरभाष: +914445644000, फैक्स:+914445644022

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

(पूर्व कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, जिसका आईडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) और 9 (1) का परंतुक देखें]

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक के साथ पठित।

Online Property Survey

एतद्द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से स्तंभ (iii) के अनुसार ऋणी (कों), सह-ऋणी (कों) और गारंटर (कों) को सूचित किया जाता है कि स्तंभ (iv) के अनुसार नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, और जिनका कब्जा पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, स्तंभ (i) के अनुसार ऋणी (कों) और सह-ऋणी (कों) से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के रूप में ज्ञात) को देय राशि की वसूली के लिए, जैसा कि नीचे वर्णित है, "जहाँ है जैसी है", "जो है जैसी है जैसी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेची जाएँगी। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

स. क्र.	(i) माँग सूचना राशि	(ii) अनुबंध आईडी	(iii) उधारकर्ता (ओं), सह-उधारकर्ता (ओं) और गारंटर (ओं) का नाम	(iv) गिरवी संपत्ति का पता	(v) आरक्षित कीमत राशि	(vi) ईएमडी राशि	(vii) नीलामी की तिथि और समय	(viii) नीलामी की तिथि और समय अग्रिम जमा राशि	(ix) निरीक्षण की तिथि और समय	(x) अधिकृत अधिकारी का नाम और संपर्क नंबर
1	रू. 44989757.09/- मांग सूचना दिनांक: 27-अगस्त-2018	1677714	जलगांव ज्वैलर्स, महेश मंगल, नयनतारा रत्न एवं ज्वेलरी इंडिया प्रा लिमिटेड, गोविंद मंगल, श्याम मंगल और राम देवी मंगल	म. सं. 08, बडवाली मस्जिद चौक बाजार, तबबा मेन, रोड, वार्ड सं. 17, भोपाल, म.प्र.-462001, पूर्वः श्रीमान का घर किशनलाल जी, पश्चिमः श्रीमान जगन्नाथ का घर, उत्तरः गली और श्रीमान रामा भाई का घर और दक्षिणः सरकारी सड़क।	रूपये 52869485.70/-	रूपये 5286948.57/-	04-अगस्त-2026 सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक	03-अगस्त-2026 सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक	28-जुलाई-2026 सुबह 10:00 बजे शाम 4:00 बजे तक	नाम-हिमांशु कथराय संपर्क नंबर- 9977798875 नाम-हेमंतकुमार नाग संपर्क नंबर- 9922185777

संपत्ति के स्थान और संपत्ति की छवियों के QR कोड

अस्वीकरण: कृपया ध्यान दें कि उक्त सूचना केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी की गई है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को अचल संपत्ति में मौजूद किसी भी चल संपत्ति की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है।

दिनांक: 16.07.2026
स्थान: भोपाल

प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)